Seventeenth Loksabha

an>

Title: Regarding construction of roads and bridges under Road Connectivity Project for LWE affected areas in Jamshedpur Parliamentary Constituency, Jharkhand- laid.

श्री बिद्युत बरन महतो (जमशेदपुर): मैं सरकार का ध्यान एक अति महत्वपूर्ण विषय की ओर आकृष्ट कराना चाहता हूं कि जमशेदपुर संसदीय क्षेत्र अंतर्गत पूर्वी सिंहभूम जिला अति पिछड़ा एवं वामपंथी उग्रवाद प्रभावित के साथ-साथ 115 आकांक्षी जिलों में शामिल है । विदित है कि पूर्वी सिंहभूम जिला उग्रवाद प्रभावित है एवं नक्सल गतिविधियों से आक्रांत रहने के चलते दुर्गम क्षेत्रों में अभी भी सड़कों का अभाव है । यह भी विदित है कि इन क्षेत्रों में आवागमन की सुविधा के लिए एवं पुलिस बल की उन क्षेत्रों में उपस्थिति बनाए रखने के लिए प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के अंतर्गत वामपंथी उग्रवाद से प्रभावित क्षेत्रो के लिए सड़क संपर्क योजना (RCPLWE) के तहत सड़कों एवं पुलों के निर्माण करने के लिए कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य मामले के द्वारा चयनित सड़कों की सूची उपायुक्त, पूर्वी सिंहभूम जिला के माध्यम से ग्रामीण विकास विभाग, झारखंड सरकार को प्रेषित की गई थी और उक्त सूची को ग्रामीण विकास विभाग, झारखंड सरकार ने गृह मंत्रालय, भारत सरकार को स्वीकृति प्रदान करने हेतु भेजी है ।

अतः गृह मंत्रालय, भारत सरकार से अनुरोध है कि जमशेदपुर संसदीय क्षेत्र के अंतर्गत वामपंथी उग्रवाद से प्रभावित क्षेत्रो के लिए सड़क संपर्क योजना, वामपंथी उग्रवाद (RCPLWE) के तहत सड़कों एवं पुलों के निर्माण हेतु भेजी गई सूची को स्वीकृति प्रदान करने की कृपा की जाय ।